PMFME

सूक्ष्म उद्यमों का संबल

# पी एम एफ एम ई योजना के तहत सफलता की कहानी

## सूरज शर्मा



जयपुर जिले के सूरज शर्मा ने सूक्ष्म इकाई के रूप में 2021 में अपनी बेकरी की स्थापना की,जिसका नाम उन्होंने डार्क हेवन रखा। उन्होंने जिन सपनो के साथ अपनी इस इकाई की शुरूआत की थी, उसको वे आर्थिक स्त्रोत की कमी के कारण पूरा नहीं कर पा रहे थे। एक दिन उन्होंने अखबार में पीएमएफएमई योजना के बारे में पढ़ा और बैंक के माध्यम से योजना की और जानकारी लेकर उसमें आवेदन किया।

**लाभार्थी का नाम: - सूरज शर्मा**
**कंपनी का नाम: डार्क हेवन**
**उत्पाद: - बेकरी**
**पता:- जयपुर (राजस्थान)**
**उद्योग की लागत:- 13 लाख**
**स्वीकृत अनुदान:- 4.5 लाख**



सूरज का मानना है कि जब से उन्होंने योजना का लाभ लिया है तब से उनकी यूनिट की उत्पादकता में 40-50% तक की बढ़ोतरी हुई है । पहले इकाई में सिर्फ 2-3 लोग काम करते थे, लेकिन अब उनके पास कुल 7 कर्मचारी हैं, इससे न केवल उनकी बढ़ती हुई व्यवसायिक गतिविधियों ने स्थानीय अर्थव्यवस्था को सुधारा है, बल्कि वे उत्पादकता से खुदरा विक्रेता के माध्यम से अंतिम उपयोगकर्ता तक जुड़ें हैं । उनकी कड़ी मेहनत, नई सोच और सरकार की सहायता ने उन्हें सफलता की नई ऊंचाइयों तक पहुँचाया है।

सूरज ने सरकार की इस योजना के लिए कृतज्ञता व्यक्त की है और इसे अपने उद्यम में एक महत्वपूर्ण मोड़ के रूप में महसूस किया है। सूरज जैसे उदाहरण हमें यह बताते हैं कि प्रेरणा, सहयोग और नई सोच हमारे सपनों को पूरा करने में सहायक हो सकती है ।

